स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2014

06965

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.-2 : हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *__प्रथम__ प्रश्न अनिवार्य है । शेष किन्हीं __चार__ प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

1. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं ***तीन*** की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) अबिगत गति कछु कहत न आवै

ज्यौं गूंगै मीठे फल को रस अन्तरगत ही भावै ।

परम स्वाद सबही तु निरंतर अमित तोष उपजावै ।

मन बानी कौं अगम-अगोचर, सो जानै जो पावै ।

रूप-रेख-गुन-जाति-जुगति-बिनु निरालंब कित धावै ।

सब विधि अगम बिचारहिं तातैं सूर सगुन लीला पद गावै ।

(ख) लाल बिना बिरहाकुल बाल वियोग की ज्वाल भई झूरि झूरी ।
पौन औ पानी सो प्रेम कहानी सौं पान ज्यौं प्रानीन राखत दूरी ।
"देवजू" आज मिलाप की औछि सो बीतत देख बिसेख बिसूरी ।
हाथ उठायो उडायवे को उड़ि काग गरे गिरि चारिक चूरी ।

(ग) औरों के हाथों नहीं यहाँ पलती हूँ
अपने पैरों पर खड़ी आप चलती हूँ
श्रम वारि बिन्दु फल स्वास्थ्य मुक्ति फलती हूँ
अपने अंचल से व्यजन आप झलती हूँ
तनु-लता-सफलता-स्वादु आज ही लाया
मेरी कुटिया में राज-भवन मन भाया ।

(घ) यह धरती है उस किसान की
जो मिट्टी का पूर्ण पारखी
जो मिट्टी के संग साथ ही
तप कर
गल कर
जी कर
मर कर
खपा रहा है जीवन अपना
देख रहा है जीवन अपना
देख रहा है मिट्टी में सोने का सपना
मिट्टी की महिमा गाता
मिट्टी के ही अन्तःस्थल में

अपने तन की खाद मिलाकर
मिट्टी को जीवित रखता है
खुद जीता है
यह धरती है उस किसान की ।

(ङ) पातकी न होता है प्रबुद्ध दलितों का खड्ग
पातकी बताना उसे दर्शन की भ्रांति है,
शोषण की शृंखला के हेतु बनती जो शांति,
युद्ध है, यथार्थ में, न भीषण अशांति है,
सहना उसे हो मौन हार मनुजत्व की है,
ईश की अवज्ञा घोर, पौरुष की श्रांति है,
पातक मनुष्य है मरण मनुष्यता का,
ऐसी शृंखला में धर्म विप्लव है क्रांति है ।

2. आदिकालीन परिस्थितियों में इस युग की कविता का स्वरूप निर्धारित कीजिए । *16*

3. नीति काव्य-परम्परा में रहीम का महत्त्व बताइए । *16*

4. बिहारी के काव्य की प्रमुख विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए । *16*

5. "भारतेन्दु सही अर्थों में हिन्दी के पहले आधुनिक कवि हैं ।" इस अभिमत को ध्यान में रखते हुए भारतेन्दु के काव्य का मूल्यांकन कीजिए । *16*

6. प्रसाद के काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए । *16*

7. मुक्तिबोध के काव्य-शिल्प पर विचार कीजिए । 16

8. नागार्जुन की प्रगतिशील चेतना का मूल्यांकन कीजिए । 16

9. 'कुरुक्षेत्र' में प्रस्तुत प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डालिए । 16

10. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $2 \times 8 = 16$

(क) आदिकालीन रासो काव्य

(ख) सूर की भक्ति-भावना

(ग) निराला का काव्य-वैशिष्ट्य

(घ) विद्यापति

(ङ) पद्माकर